# विदेश में चीनी के मूल्य में नरमी

लंदन • विश्व बाजार में रॉ शुगर और व्हाइट शुगर के मूल्य में गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन थाईलैंड में रॉ शुगर आयात के लिए प्रीमियम में वृद्धि दर्ज की गई है। दुनिया के सबसे बड़े चीनी आयातक देश थाईलैंड में मुस्लिम त्योहार रमदान से पहले सरकार ने चीनी आयात के परमिट जारी कर दिए हैं। लेकिन विश्व बाजार में रॉ शुगर के दाम गिरने की वजह से आयात सौदों का प्रीमियम बढ़ गया है। न्यूयॉर्क के आईसीई एक्सचेंज में रॉ शुगर मूल्य पर 1.25 सेंट प्रति पाउंड प्रीमियम बोला जा रहा था। दूसरी ओर लिफ्फे एक्सचेंज में व्हाइट शुगर का प्रीमियम 103 डॉलर प्रति टन के स्तर पर स्थिर था। आईसीई एक्सचेंज में जुलाई डिलीवरी रॉ शुगर का भाव 0.5 फीसदी गिरकर 16.81 सेंट प्रति पाउंड रह गया जबकि लिफ्फे में अगस्त डिलीवरी व्हाइट शुगर 0.6 फीसदी गिरकर 474 डॉलर प्रति टन रह गया।

मलेशियाई पाम तेल के दाम लढके

Business Bhaskar
22/5/2013